

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–88/2025*

## इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, बिहार राज्य शाखा की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न

**पटना, 17 सितम्बर, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां की अध्यक्षता में राजभवन में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, बिहार राज्य शाखा के पुनर्गठित प्रबंध समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव कराया गया। चुनाव के पश्चात डॉ० विनय बहादुर सिन्हा को अध्यक्ष, श्री उदय शंकर प्रसाद सिंह को उपाध्यक्ष एवं श्री दिनेश कुमार जायसवाल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

निर्वाचन से पूर्व राज्यपाल ने प्रबंध समिति के सभी सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यपाल द्वारा निर्वाची पदाधिकारी के रूप में मनोनीत सुश्री कल्पना श्रीवास्तव, विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक), राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना ने निर्वाचन की प्रक्रिया को सम्पन्न कराया।

इससे पूर्व प्रबंध समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की बिहार इकाई पूरे भारत में सबसे सक्रिय और सर्वाधिक सेवा कार्य करनेवाली इकाईयों में से एक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुनर्गठित प्रबंध समिति के सदस्य एवं पदाधिकारीगण नई ऊर्जा, उत्साह और सेवा भावना के साथ कार्य करेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल  इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, बिहार राज्य शाखा के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

..........................................